

**एक नजर**

## ओमा अतुल अग्रवाल बनी सीए



**इटारसी.** इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट ऑफ इंडिया द्वारा काफी कठिन परीक्षा सीए फाइनल का रिजल्ट घोषित किया गया जिसमें इटारसी शहर से अग्रवाल इंजीयरिंग कॉन्ट्रैक्टर के डायरेक्टर अतुल अग्रवाल की छोटी बिटिया ओमा अग्रवाल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सी ए फाइनल क्वालीफाई किया और परिवार का नाम रोशन किया। बिटिया की मम्मी श्रीमती वर्षा और पिता अतुल अग्रवाल ने पूरा श्रेय बिटिया की मेहनत और ईश्वर के आशीर्वाद और सभी स्नेहीजन की शुभकामनाओं को दिया ओमा की प्रारंभिक शिक्षा स्थानीय सेंट जोसफ कॉन्वेंट स्कूल , वनस्थली (राजस्थान)से 11 - 12 वी की शिक्षा ग्रहण की ओर सीए की तैयारी पुणे( महाराष्ट्र) में की।

## कलेक्टर ने सुनी समस्याएं

**हरदा** कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित 'जनसुनवाई' कार्यक्रम में आए नागरिकों की समस्याएं सुनी और निराकरण के लिए निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती अंजलि जोसेफ जोनाथन, संयुक्त कलेक्टर श्री सतीश राय एवं सुश्री रजनी वर्मा, जिला पंचायत के अतिरिक्त सीईओ श्री प्रवीण इवने सहित अन्य जिला अधिकारी उपस्थित थे।

# साहब, 40 दिन से मिल रहा खराब पानी

## खोजनपुर मोहल्ले में मिल रहा है पीने के लिये दूषित पानी

**नवभारत न्यूज**

**नर्मदापुरम/04,नवम्बर,2025** / आम जनों की समस्या एवं शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिए प्रति मंगलवार को जनसुनवाई का कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। जनसुनवाई के कार्यक्रम में आवेदक की समस्या एवं शिकायतों पर कार्रवाई की जाती है। आज आयोजित जनसुनवाई में 76 आवेदनकर्ताओ ने आवेदन प्रस्तुत कर अपनी विभिन्न समस्या एवं शिकायत के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किये। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री हिमांशु जैन एवं अपर कलेक्टर श्री राजीव रंजन पांडे ने सभी आवेदनों पर सुनवाई की। डोलरिया के लखन लाल ने आवेदन प्रस्तुत कर बताया कि उनकी जमीन पर अन्य कृषक ने कब्जा कर लिया है। सीमांकन के पश्चात यह साबित हो गया है कि वह जमीन उनकी है आदेश जारी होने के पश्चात भी अब तक उन्हें उनकी जमीन पर कब्जा नहीं मिला है। आवेदक लखन लाल ने शीघ्र ही जारी आदेश का पालन करवाने और उनकी जमीन पर कब्जा दिलाने की मांग की। वही खोजनपुर मोहल्ला के अपर लाल पटेल ने आवेदन प्रस्तुत कर बताया कि खोजनपुर कचरा मोहल्ले में 40 दिन से पीने का पानी खराब जा रहा है, जिससे उनके मोहल्ले में रहने वाले सभी व्यक्तियों को बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने समस्या का जल्द ही समाधान करने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया। अपर कलेक्टर श्री पांडे ने तहसीलदार डोलरियां एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी नर्मदा पुरम को प्रस्तुत



आवेदनों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। सोहागपुर के ग्राम गोडी खेड़ी के करण सिंह ने प्रस्तुत आवेदन में बताया कि उनके पिताजी का निधन गत दिसंबर माह में हो चुका है लेकिन अभी तक जनपद पंचायत सोहागपुर से अनुग्रह राशि प्राप्त नहीं हुई है। उन्होंने अनुग्रह राशि दिलाने की मांग की। एक अन्य आवेदनकर्ता ने प्रस्तुत आवेदन में बताया कि उन्होंने सहारा समूह में निवेश किया था। निवेश की अवधि सितंबर 2018 में पूर्ण होने के बाद भी उनको जमा राशि 4 लाख 15 हजार 250 रुपए का भुगतान नहीं हुआ है। उन्होंने बताया कि वह एक छोटे दुकानदार हैं और उनकी बेटी का विवाह होना है। उक्त राशि प्राप्त होने से वे अपनी बेटी का विवाह करा सकेंगे। अपर कलेक्टर श्री पांडे ने एसडीएम नर्मदापुरम को उक्त आवेदक का परीक्षण कर समस्या का निराकरण करने के निर्देश दिए।

ग्राम खरगावली के शुभम यादव ने प्रस्तुत आवेदन बताया कि उनके पिता स्वर्गीय बृजमोहन यादव ग्राम पंचायत मुड़िया बेड़ी में सचिव के पद पर कार्य करते हुए ड्यूटी के दौरान स्वर्गवासी हो गए। पिताजी की मृत्यु के बाद परिवार की आर्थिक स्थिति खराब हो गई है। उन्होंने पिताजी की जगह अनुकंपा नियुक्ति प्रदान करने की मांग की, ताकि उनके परिवार का भरण पोषण हो सके।

## तेज रफ्तार ट्रेक्टर ने 5 लोगों को रौंदा

**नवभारत न्यूज**

**हंडिया 04 नवम्बर** हंडिया, तहसील क्षेत्र में बीती रात एक दिल दहला देने वाला सड़क हादसा हुआ। नयापुरा और रातातलाई के बीच से गुजर रहे पांच लोगों को एक अज्ञात ट्रैक्टर ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में सभी घायल हो गए, जिनमें एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार घनश्याम, विजू, किरण, प्रियांशु और रघुवीर सभी निवासी नयापुरा अपने घर लौट रहे थे, तभी सामने से तेज रफ्तार में आ रहा ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर सीधे उन पर चढ़ गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि सभी लोग सड़क किनारे गिर पड़े और मौके पर अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों ने तुरंत 112 डायल पुलिस को सूचना दी। पुलिस दल मौके पर पहुंचा और घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हंडिया पहुंचाया। चिकित्सकों ने सभी घायलों का प्राथमिक उपचार किया, जबकि गंभीर घायल को जिला अस्पताल रेफर किया गया। हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना पर हंडिया पुलिस ने मौके का निरीक्षण कर मामला दर्ज किया और जांच शुरू कर दी है। ग्रामीणों के अनुसार गांव और आसपास के रास्तों पर सीसीटीवी कैमरे नहीं लगे हैं, जिसके चलते ट्रैक्टर और चालक की पहचान में कठिनाई आ रही है। स्थानीय लोगों ने बताया कि नयापुरा और रातातलाई के बीच का मार्ग रात के समय हादसों का गढ़ बन चुका है। तेज रफ्तार ट्रैक्टर और भारी वाहनों की आवाजाही से आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से सड़क पर स्पीड ब्रेकर लगाने, स्ट्रीट लाइटें लगाने और रात में पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग की है। यह हादसा एक बार फिर प्रशासन और ट्रैक्टर चालकों की लापरवाही पर बड़ा सवाल खड़ा करता है।

## नगर विकास प्रस्फुटन समिति की बैठक संपन्न

**नवभारत न्यूज**

**सोहागपुर, 04 नवम्बर** म.प्र. जन अभियान परिषद्, सोहागपुर की नगर समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में समिति के अध्यक्ष अभिनव पालीवाल एवं सचिव ऋषभ गढ़वाल की उपस्थिति रही। बैठक का आयोजन मित्र संघ नवांकुर संस्था के प्रमुख कमल किरार द्वारा किया गया, जिसकी अध्यक्षता विकासखंड समन्वयक किशोर कड़ोले एवं कथा वाचक कैलाश शर्मा ने की। बैठक में राज्य कार्यालय से प्राप्त निर्देशों के अनुसार समाज को एकजुट करने, लोगों को स्वावलंबी बनाने, सोशल मीडिया का उपयोग समाजहित में करने तथा शासन की योजनाओं का प्रचार-प्रसार कर नगर एवं ग्राम स्तर तक लाभ पहुँचाने पर चर्चा की गई। साथ ही नगर में स्वास्थ्य, शिक्षा एवं पर्यावरण के क्षेत्र में जनजागरूकता बढ़ाने एवं एक कोर ग्रुप के गठन का निर्णय लिया गया। विकासखंड समन्वयक श्री कड़ोले ने नगर समिति व सभी नवांकुर समितियों को नगर के प्रमुख स्थानों पर 'सत्यवाक लेखन (बोलती दीवार)' अभियान प्रारंभ करने के निर्देश दिए। आगामी माह में सभी नवांकुर नगर समितियों के सहयोग से एक जनसेवा अभियान चलाया जाएगा, जिसके अंतर्गत निर्धन एवं जरूरतमंद लोगों को सर्दियों में कपड़ों का वितरण किया जाएगा। इस कार्य की जिम्मेदारी निर्मल विकास सेवा समिति को सौंपी गई। प्रत्येक माह दो प्रमुख जनहित कार्य नियमित रूप से करने का भी निर्णय लिया

## छात्रों को जागरूक करने हुआ सम्मेलन

**इटारसी।** शहर के शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में कलम कला कलाकार (के3) की टीम ने दुनिया में बढ़ते डिजिटल अपराधों के प्रति शिक्षकों एवं छात्रों को जागरूक बनाने के लिए अतिथि व्याख्यान एवं लघु काव्य सम्मेलन का आयोजन किया। के3 की टीम कला एवं साहित्य के साथ साथ जागरुकता के क्षेत्र मे कार्यरत है। के3 की संचालिका मंजुला जी ने बताया कि युवा हमारे देश की अहम कड़ी है जो देश को तकनीकी रूप से प्रबल बनता है। अत: प्रदेश के और भी विद्यालय एवं महाविद्यालय में जागरूकता के लिए व्याख्यान का सिलसिला जारी रहेगा। व्याख्यान हेतु इस क्षेत्र के जानकारों को आमंत्रित किया जाता है।

## वन विभाग के खिलाफ पचमढ़ी के बाजार में छाया सन्नाटा

**नवभारत न्यूज**

**पचमढी, 04 नवम्बर** मंगलवार को मध्य प्रदेश के एकमात्र हिल स्टेशन पचमढ़ी के बाजारों में सन्नाटा पसरा हुआ नजर आया। पचमढ़ी वासी एस टी आर इको सेंसेटिव जोन की सीमा विस्तार का नजूल की भूमि और छावनी क्षेत्र में विस्तार का विरोध कर किया पचमढ़ी बंद। नगर वासियों ने सतपुड़ा टाइगर रिजर्व संचालक पचमढ़ी को सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के इको सेंसेटिव जोन के विस्तार को आबादी की ओर से 100 मीटर तक रखे जाने को लेकर एक ज्ञापन सोपा। पचमढ़ी वासियो ने कहा कि सहायक संचालक सतपुड़ा टाइगर रिजर्व पचमढ़ी के पत्र क्रमांक 1869 दिनांक 09 अक्टूबर 25 में सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के इको सेंसेटिव जोन का विस्तार




नगर पचमढ़ी के संपूर्ण छावनी क्षेत्र एवं नजूल क्षेत्र में किए जाने का उल्लेख है सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के इको सेंसेटिव जोन के गठन संबंधी अधिसूचना दिनांक 09 अगस्त 17 में वर्णित है कि इको सेंसेटिवजॉन का विस्तार कोर क्रिटिकल टाइगर है। हैबिटेट की सीमा से आबादी की ओर केवल 100 मीटर तक है। आदेश सूचना के विपरीत संपूर्ण छावनी क्षेत्र नजूल क्षेत्र एवं राजस्व ग्रामों को इको सेंसेटिव जोन में सम्मिलित किया जा रहा है घनी आबादी वाले पचमढ़ी छावनी क्षेत्र नजूल क्षेत्र एवं राजस्व ग्रामों की ओर कोर क्रिटिकल टाइगर हैबिटेट की सीमा से केवल 100 मीटर की दूरी तक ही इको सेंसेटिव जोन का प्रभाव सीमित किया जाना आवश्यक है।

## कार्यशाला का आयोजन

**माखननगर, 04 नवम्बर 2025** - शासकीय महाविद्यालय माखन नगर के सभागार में स्मार्ट निवेशक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया.

भारतीय प्रतिभूमि और विनिमय बोर्ड आयोजन द्वारा 3 अक्टूबर को महाविद्यालय में श्रीमती पूजा ऋषि द्वारा छात्र-छात्राओं और समस्त कॉलेज के शिक्षकों को निवेश की प्रक्रिया और बीमा के प्रकारों की जानकारी दी व समय सीमा के बारे में विस्तार पूर्वक पीपीटी के माध्यम से बताया गया। कार्यक्रम के अंत में श्रीमती पूजा द्वारा बच्चों से प्रश्नोत्तरियों का आयोजन किया गया। छात्र-छात्राओं के प्रोत्साहन हेतु जिन बच्चों ने सही जवाब दिया उनको पुरस्कार भी वितरित किया।


# गुरूनानक देव जी के 556वें प्रकाशोत्सव पर्व पर हार्दिक बधाईयां































